अग्रवाल कॉलेज में पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन

गुड़गांव टुडे/कृष्ण कौशिक

बल्लभगढ। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग द्वारा आज बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया। कॉलेज की पूर्व छात्रा कविता ने सही उच्चारण की आवश्यकता पर अपना व्याख्यान दिया। द्वितीय वर्ष के छात्रों को ध्वनि प्रतीकों के बारे में समझाया। छात्रों को सही उच्चारण और सही वर्तनी की आवश्यकता के बारे में बताया। पूर्व छात्रा कविता ने आगे बताया कि आज के परिदृश्य में खुद को स्पष्ट करने,गलतफहमी और गलत संचार से बचने के लिए सही उच्चारण महत्वपूर्ण है। छात्रों ने कविता से भी अच्छी बातचीत की । छात्रों की उनकी शंकाओं को लिया और उनके प्रश्नों का पूरी तरह से उत्तर दिया। व्याख्यान से 100 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। एलुमनाई व्याख्यान का समन्वय संकाय सदस्यों, डॉ. सारिका, डॉ. इनायत, सुश्री विजया और सुश्री शैली द्वारा मैडम कमल टंडन, विभागाध्यक्षा, अंग्रेजी विभाग की देखरेख में किया गया था। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने इस तरह के व्याख्यान आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी।